हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 22 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

13 छात्रों ने जाना मॉक ड्रिल का हुनर



14 छग की नेटबॉल बालक-बालिका दोनों टीम ने जीता सिल्वर मेडल





## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

**भाटापारा।** दुष्कर्म मामले की पूर्ण सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को 10 वर्ष की सजा सुनाई है। मामला दो वर्ष पहले का बताया जा रहा है। विशेष लोक अभियोजक भाटापारा से मिली जानकारी अनुसार बलौदाबाजार निवासी दिनू टंडन को अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने महिला के साथ किये दुष्कर्म मामले में आरोपी दिनू टंडन को 10 वर्ष की सजा सुनाई। मामला 20 सितंबर 2022 की सुबह पीड़ित महिला खेरताल रेलवे पटरी पार शौच के लिए घर से निकली थी व आरोपी मौका देख पीड़ित से दुष्कर्म किया व महिला रोते दौड़ते हुए भाग कर अपने घर पहुंची व घटना की जानकारी अपने पति व घर वालों को दी।

### बागबाहरा में श्रीमद भागवत कथा आज से



**बागबाहरा।** नगर में 108 पोथी श्रीमद् भागवत कथा शुभारंभ आज से प्रारंभ हो रहा है। 22 से 30 दिसम्बर तक आयोजित यह कार्यकम अंचल सहित जिले में पहली बार हो रहा है। जिसमें 108 यजमान उनके 108 परायणकर्ता पंडित भाग ले रहे हैं। आज दोपहर एक बजे दुर्गा मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा से प्रारंभ होगा। इसके कथावाचक पं. बसंत दुबे होंगे। नगर में पहली बार हो रहे भव्य कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के सर्व यजमान एवं भक्तगणों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थानीय अग्रसेन भवन के सामने विशाल मैदान में हो रहा है। आयोजन समिति के सदस्य यजमान व नागरिकगण स्थल को व्यवस्थित बनाने में जुटे है।

### 8वीं के छात्र के साथ मारपीट, केस दर्ज

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खरोरा बस्ती तालाब के पास नाबालिग बालक के साथ मारपीट करने के आरोप में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, नाबालिग बालक 8वीं कक्षा में पढ़ता है। वह अपने दोस्त के साथ मेला देखकर लौट रहा था, इसी दौरान आरोपी ने उसे रुकने के लिए कहा, नहीं रुकने पर आरोपी ने कॉलर को पकड़कर अश्लील गाली गलौज कर अपने दाहिने हाथ में रखे बांस के डंडे से मारपीट की पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### धान संग्रहण केंद्रों का औचक निरीक्षण

**महासमुंद।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश कुमार साहू ने शनिवार सुबह 10 बजे धान संग्रहण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न केंद्रों पर स्टेकवार आवक पंजी, समितिवार आवक पंजी, गेट पास और डीएम पर्चियों की गहन जांच की गई। उन्होंने सभी संग्रहण केंद्रों को सुचारु रूप से संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक और राजस्व मंडी अधिकारी उपस्थित थे। मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए एसडीएम ने सभी समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि संग्रहित धान को सुरक्षित रखने के लिए स्टेक्स को तिरपाल से पूरी तरह ढंका जाए। निरीक्षण के दौरान सरना पॉइंट और मोटा पॉइंट का मिलान पंजी से किया गया। एसडीएम ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रक्रियाएं नियमों के अनुरूप हो और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो।

# सुशासन सप्ताह पर ब्लाक में हुआ किसान सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- हितग्राहियों को विभिन्न सामग्रियों का किया गया वितरण

सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर सभी विकासखण्ड मुख्यालयों एवं 161 सहकारी समितियों तथा धान उपार्जन केन्द्रों में कृषि एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान तथा कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर के धान उपार्जन केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा 31 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रशस्ति पत्र, 3 किसानों को किसान समृद्धि योजनान्तर्गत चेक वितरण, 20 किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड वितरण, 5 किसानों को मूंग बीज का वितरण, मत्स्यपालन विभाग द्वारा 2 मछुवारा समितियों को जाल, 7 हितग्राहियों को आईस बॉक्स, उद्यान विभाग द्वारा 10 किसानों को पौधा वितरण, सहकारिता विभाग द्वारा 3 किसानों को माईक्रो एटीएम कार्ड एवं शासन के निर्देशानुसार धान बेचने वाले सभी किसानों को मुख्यमंत्री का पत्र का वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से किया गया। विकासखण्ड मुख्यालय, सहकारी समितियों के धान उपार्जन केन्द्रों में आयोजित किसान सम्मेलन में अधिक संख्या में किसान उपस्थित हुए। ▶▶ शेष पेज 13 पर




## हसुवा खरीदी केंद्र में हुआ किसानों का सम्मान



**गिधौरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 1 वर्ष होने पर बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र मंडल टुण्ड्रा के हसुवा समिति में शनिवार को महापर्व एवं किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को श्रीफल एवं साल से सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवचरण साहू, मंडी अध्यक्ष व्यास नारायण श्रीवास, पूर्व सरपंच शिव साहू कोटियाडीह, अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष राजकुमार गोंड, नरेंद्र साहू, सुरज पटेल जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, युवा नेता निलेश साहू, नंदनी साहू, अश्वनी श्रीवास, शिव साहू सोसाइटी प्रबंधक,चंद्रमा साहू, जितेंद्र पटेल, गोकुल पटेल, केंद्र के समस्त भाजपा कार्यकर्ता तथा कर्मचारीगण, अधिकारीगण समस्त किसान उपस्थित थे।

### पैसा मिलने की उम्मीद में देर रात तक बैंक में जमे रहते हैं किसान

# धान बिक्री का बैंक से पैसा नहीं मिलने पर किसान निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

जिला सहकारी बैंक भटगांव में हर रोज किसान अपने धान की राशि लेने आते हैं। किसान सुबह 10 बजे लाइन में खड़े होकर रात 8 बजे तक पैसे पाने की आस लगाए बैठे रहते हैं, लेकिन पैसा नहीं मिलने से हर रोज किसानों को निराश होकर लौटना पड़ता हैं। इसका मुख्य कारण बैंक अधिकारियों की माने तो बैंक को पर्याप्त राशि नहीं मिल पाना बताया जा रहा है। साथ ही बड़े एरिया का होना भी इसका मुख्य कारण है। बैंक द्वारा उच्च अधिकारियों को पर्याप्त राशि मुहैया कराने पत्र समय-समय पर प्रेषित किया जाता रहा है, लेकिन इस ओर शासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है। जिससे राशि लेने बैंक आए किसानों को खाली हाथ लौटाना पड़ता है। इससे सरकार के प्रति किसानों की नाराजगी देखी जा रही है।

### इस बैंक पर 20 से 30 किलोमीटर तक गांवों के किसान है आश्रित



### उठाइगिरी का शिकार हो चुके हैं किसान

जिला सहकारी बैंक राशि लेने किसान 20 से 30 किलोमीटर, धनसीर, सलिहा, बोडा, बाघमाला से लेकर नगरदा, पवनी, भंडोरा, खुरसुला, टुंडरी से आते हैं। ऐसे में किसानों को देर रात तक बैंक से पैसे मिलता है और किसानों को डर भी बना रहता है कि कहीं उठाइगिरी का शिकार ना हो जाए। पूर्व में दर्जन पर किसान उठाइगिरी का शिकार हो चुके हैं। इसी के मद्देनजर पवनी, बिलाईगढ़ अंचल के किसान लगातार पवनी में जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक की शाखा खोलने की मांग कर रहे हैं जिसे ग्रहण लगा हुआ है। बैंक की शाखा नहीं खुलने से सरकार के प्रति किसानों में नाराजगी है।

### पवनी में बैंक शाखा खुलने से किसानों को मिल सकती है राहत

ऐसे तो तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पवनी में जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक खोलने की घोषणा की थी और उसकी तैयारी भी प्रशासन स्तर पर जारी थी। साथ ही बैंक अधिकारियों द्वारा जगह का निरीक्षण भी किया जा चुका है, लेकिन देरी किस बात की है समझ से परे हैं। विगत कुछ दिनों पहले नगर पवनी सहित आस पास के किसानों ने जल्द बैंक शाखा खोलने की मांग को लेकर मोर्चा खोला था और पैदल यात्रा कर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। किसानों की माने तो जल्द मांग पूरी नहीं हुआ तो चक्का जाम करने की तैयारी में हैं। बहार हाल सरकार इस पर कितनी गंभीर है, वक्त बतायेगा।

# बहू ने दूध में चूहे मारने की दवा मिलाकर ससुर को पिलाया, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

- अस्पताल में इलाज के दौरान 10 दिन बाद बुजुर्ग ने तोड़ा दम

ग्राम सोनाडूला निवासी एक महिला ने अपने ससुर को दूध में चूहे मारने की दवा मिलाकर पीने दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सोनाडुला निवासी मीना साहू पति गौरीशंकर साहू 40 वर्ष ने अपने ससुर प्रेमलाल साहू 70 वर्ष से इस बात को लेकर रंजिश रखती थी कि उसका पति गौरीशंकर साहू जो कि दिल्ली में रहता था और उसका ससुर प्रेमलाल अपने पुत्र को वापस गांव सोनाडुला नहीं बुला रहे हो, साथ ही अपने शादीशुदा बेटी को घर में रखे हो कहकर लड़ाई झगड़ा करती थी। इस बात की रंजिश रखते हुए गुस्से में आकर जान से मारने कि नियत से 2 नवम्बर को लगभग 4.15 बजे मीना साहू ने दूध में चूहे मारने की दवा मिला कर ससुर को पीने दी। दूध पीने से प्रेम लाल साहू की तबियत खराब हो गई, जिसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान अंबेडकर अस्पताल रायपुर में 12 नवम्बर को ▶▶ शेष पेज 13 पर



## युवक ने बबूल पेड़ पर लगाई फांसी

**गिधौरी।** ग्राम धमलपुर एवं नवापारा के बीच नरेंद्र ढाबा के सामने खेत में बबूल पेड़ पर एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर ग्रामीणों ने देखा। घटना की जानकारी आसपास के लोगों में आग की तरह फैल गई और तत्काल घटना की जानकारी ग्राम के कोटवार ने गिधौरी थाने में दी। वहां मौजूद लोगों ने बाहरी व्यक्ति होने की अशंका जताई, लेकिन गमछे से फांसी के फंदे पर लटका हुआ युवक के दाहिने हाथ में गोधना से गुलशन लिखा था, जिससे मृतक की पहचान गिधौरी निवासी गुलशन पिता स्व. विजय पटेल 22 वर्ष के रूप में हुई। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। तत्पश्चात परिजनों ने गिधौरी थाने रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस मौके पर पहुंच युवक को बबूल पेड़ उतारकर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इधर परिजनों का कहना है मृतक गुलशन पटेल रात के 12 बजे घर से निकला था और 9 किलोमीटर दूरी पर ग्राम धमलपुर और नवापारा के बीच शनिवार सुबह फांसी के फंदे पर लटकते मिला। युवक आत्महत्या किया है या हत्या हुई है कारण अज्ञात है। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो पायेगा। मामले की जांच गिधौरी पुलिस द्वारा की जा रही है।



# छात्रों ने ध्यान के महत्व और लाभ का लिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुहेला

विश्व ध्यान दिवस पर शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के शिक्षक चंद्रशेखर बघेल द्वारा विद्यालय के छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को ध्यान के महत्व और लाभ के बारे में विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर बघेल ने बताया कि ध्यान एक प्राचीन तकनीक है, जो न केवल मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है, बल्कि यह व्यक्ति के ▶▶ शेष पेज 13 पर

## श्रीमद् भागवत कथा का समापन कल...



**पलारी।** नगर पंचायत रोहांसी में आयोजित श्रीमद् भागवत यज्ञ सप्ताह का 23 दिसम्बर को समापन होगा। 22 दिसम्बर को कथाकार पं. गौरव जोशी द्वारा सुदामा चरित्र, चढ़ोत्री के साथ कथा का समापन किया जाएगा। 23 दिसम्बर को तुलसी वर्षा, हवन, सहस्रधारा के बाद सामाजिक भोज का कार्यक्रम होगा। कथा की प्रस्तुति पं. गौरव जोशी द्वारा दोपहर 2 से सांय 7 बजे तक प्रस्तुत की जा रही है। कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। विदित हो कि यह कथा स्व. सुखराम साहू और स्व. बिरसिंग साहू की पुण्यतिथि में डॉ. गोविन्द साहू, विद्या साहू और दीना बाई साहू द्वारा आयोजित की जा रही है।

# पीएमश्री स्कूल में हुई अभिभावकों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

नगर पंचायत में संचालित पीएमश्री स्कूल में शनिवार को अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं के अभिभावक बैठक में उपस्थित हुए। उन्हें कक्षा शिक्षकों द्वारा अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम की जानकारी विषयानुसार प्रदान किए। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक परीक्षा के उपरान्त पालकों की बैठक रखी जाती है, ताकि उन्हें भी बच्चों की परीक्षा परिणाम की जानकारी हो और कुछ बच्चों में पढ़ाई के समय आने वाली दिक्कतों के बारे में भी पालकों से विचार विमर्श भी किए जाते हैं। साथ अभिभावकों से बेहतर पढ़ाई हेतु सुझाव भी लिए जाते हैं।

इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य और समस्त शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### आबकारी विभाग के नियमों का हो रहा खुला उल्लंघन

# चखना सेन्टर के ठेले में मदिरा प्रेमी छलका रहे जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

आबकारी विभाग द्वारा बनाये गये नियम के अनुसार शासकीय मदिरालयों के आसपास 50 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के चखना दुकान का संचालन नहीं किया जा सकता है। इसी तरह लायसेन्सी बार को छोड़कर किसी भी होटल व ढाबों में ग्राहकों को शराब परोसने अथवा बैठक मदिरापान करने की इजाजत देना अपराध माना गया है। इसके अलावा किसी भी सार्वजनिक स्थान में मदिरापान करते पाये जाने पर उस व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई किये जाने का प्रावधान भी है।

लेकिन जिला मुख्यालय होने के बावजूद बलौदाबाजार नगर में आबकारी विभाग के उक्त नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। हद तो यह भी है कि बलौदाबाजार-रायपुर मार्ग पर रोजाना आला अधिकारियों की आवाजाही जारी रहने के दौरान भी उक्त मार्ग पर सड़क के किनारे शासकीय मदिरालय के आसपास अनेक चखना सेन्टर के ठेले में मदिरा प्रेमी जाम छलकाते रहते हैं। इसी तरह नगर से लगे ढाबों तथा बायपास मार्ग पर संचालित कुछ ढाबा संचालकों द्वारा रात के अलावा दिन भी मदिरा प्रेमियों को बैठकर मदिरापान करने की छूट देकर रखी गई है। जानकारी के अनुसार शासकीय मदिरालय में अच्छे ब्राण्ड की मदिरा उपलब्ध नहीं होने पर कुछ ढाबा संचालकों द्वारा अपने मदिरा प्रेमी ग्राहकों को अच्छे ब्राण्ड वाली मदिरा आसानी से उपलब्ध करा दी जाती है।



### सार्वजनिक स्थान में मदिरापान करने वालों पर कार्रवाई नहीं

नगर के इंडोर स्टेडियम के आसपास, खोरसी नाला पुल के आसपास, बायपास मार्ग में ढाबों के आसपास, सार्वजनिक स्थानों पर मदिरा प्रेमी खुलेआम मदिरापान करते दिखाई पड़ते हैं, जबकि बलौदाबाजार-रायपुर मार्ग पर रोजाना आला अधिकारियों की गाड़ियां गुजरती रहती है, लेकिन ऐसी बातो को नजर अंदाज कर दिया जाता है।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# फर्जी आदेश के बाद चल रहा तोता पालने, खरीदने-बेचने का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ कार्यालय के एक फर्जी आदेश के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित तोता की खरीदी-बिक्री करने का कारोबार बढ़ गया है। वन विभाग की टीम ने शुक्रवार तड़के रेलवे स्टेशन में एक कारोबारी के कब्जे से 105 तोता जब्त किया है। पक्षी कारोबारी तोता को आंध्रप्रदेश से तस्करी कर रायपुर लाया था। जिस कारोबारी को वन विभाग की टीम ने तोता तस्करी करने के आरोप में पकड़ा है, उस कारोबारी के एक रिश्तेदार को वन विभाग की टीम ने चार दिन पूर्व तोता तस्करी करने के आरोप में पकड़ कर उनके खिलाफ पीओआर दर्ज की थी। रेंजर सतीश मिश्रा के मुताबिक फाफाडीह में पक्षी खरीदी-बिक्री का काम करने वाले सम्सुद्दीन के कब्जे से तोता जब्ती की गई है।

सम्सुद्दीन दो छोटे पिंजरे में तोता को विशाखापटन-दुर्ग एक्सप्रेस में छिपाकर ला रहा था। रेंजर के मुताबिक तोता शेड्यूल-4 प्रजाति का पक्षी है। इस वजह से तोता की खरीदी-बिक्री करने पर रोक है। इसी के चलते सम्सुद्दीन के खिलाफ वन्यजीव अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## मार्गदर्शन लेने की बात निकली फर्जी

विभागीय सूत्रों के मुताबिक 28 अगस्त को एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ कार्यालय ने पाले गए तोता को नहीं छोड़ने पर कार्रवाई स्थगित करने केंद्रीय वन्यप्राणी प्रभाग से मार्गदर्शन लेने किसी तरह से विज्ञप्ति ही जारी नहीं की है। इस संबंध में वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव से संपर्क किया गया, तो उन्होंने मीटिंग में व्यस्त होने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि तोता का कारोबार करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।





- वन विभाग की टीम ने तस्करी कर लाए गए सौ से ज्यादा तोता रेलवे स्टेशन में कारोबारी के कब्जे से किया जब्त
- फर्जी आदेश के कारण पक्षी तस्कर बड़े पैमाने पर कर रहे संरक्षित प्रजाति के पक्षियों की तस्करी
- 28 अगस्त को कथित तौर पर भारत सरकार से मार्गदर्शन लेने की बात कहकर कार्यवाही स्थगित करने की बात कही गई थी

## दुकानदारों ने तोते उड़ाए

वन विभाग की टीम 17 दिसंबर को फाफाडीह में पक्षी का कारोबार करने वालों के यहां कार्रवाई करने पहुंची थी। एक दुकान से वन विभाग की टीम ने चार तोता जब्त किए। वन विभाग की टीम के आने की सूचना मिलने पर दो दुकान संचालकों ने कार्रवाई से बचने अपनी दुकान में बेचने के लिए रखे तोता उड़ा दिए।

## कथित आदेश के बाद कारोबार बढ़ा

गौरतलब है कि वन विभाग ने 23 अगस्त को एक आदेश जारी किया था। वन्यजीव अधिनियम के तहत तोता की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने के साथ घरों में पाले गए तोता को वन विभाग के सुपुर्द करने आदेश जारी किया गया था। आदेश के पांच दिन बाद 28 अगस्त को एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ कार्यालय से एक विज्ञप्ति जारी की गई। विज्ञप्ति में भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली तथा वन्यप्राणी प्रभाग से आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन लिए जाने तक कार्यवाही स्थगित रखने की बात कही गई।

## खबर संक्षेप

### विपक्ष के नेता को बदनाम करने कुत्सित प्रयास



**रायपुर।** जिला कांग्रेस ने धरसींवा ब्लॉक मुख्यालय में बस स्टैंड पर गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ उग्र आंदोलन किया। हाथ में तख्ती लेकर विरोध जताया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने अमित शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग करते हुए कहा कि जिस प्रकार से भाजपा एवं प्रधानमंत्री अमित शाह को बचाने पर उतारू हैं, भाजपा सांसदों द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता कांग्रेस को बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं, राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर तक कराई हैं, उसका प्रमुख कारण राज्यसभा जैसे उच्च सदन में संविधान निर्माता बाबा आंबेडकर के प्रति दुर्भावनावश वक्तव्य सामने आया है। पूरे देश में उनकी फजीहत हो रही है, उससे ध्यान भटकाने सारे प्रपंच कर रहे हैं, पूरा देश जान चुका है। अध्यक्ष ने मांग की है कि अमित शाह को बर्खास्त किया जाए और भाजपा देश को गुमराह करना बंद करे।

### छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की बैठक आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज महानगर इकाई की आवश्यक बैठक रविवार को दोपहर 2 बजे से प्रधान कार्यालय यादव सामाजिक भवन महादेवघाट रायपुर में रखी गई है।

### पीएम मोदी से सपरिवार मिले सांसद बृजमोहन



**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने परिवार के साथ शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पीएम मोदी ने परिवारजनों से कुशलक्षेम जाना, साथ ही परिवार के बच्चों को दुलारा और आशीर्वाद दिया। इस भेंट पर श्री अग्रवाल ने कहा, परिवार के लिए यह क्षण अत्यंत प्रेरणादायक और अविस्मरणीय रहा। प्रधानमंत्री की सादगी और दूरदर्शिता से भरे व्यक्तित्व से नई ऊर्जा और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है।

### पं. सुंदरलाल शर्मा की जयंती पर सीएम ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक और प्रसिद्ध साहित्यकार स्व. पं. सुंदरलाल शर्मा की 21 दिसंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है।

### 27 से परसुली में तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**धमतरी।** ग्राम परसुली में वेदमाता गायत्री प्रज्ञा मंडल व ग्रामवासियों के सहयोग से 27 से 29 दिसंबर तक तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा महापुराण का कार्यक्रम रखा गया है। कथा वाचक पीतांबर महाराज होंगे। आयोजन समिति के जीवनलाल साहू, होमन सोनवानी, नरेश साहू ने ग्रामीणों से अक्षय पुण्य का भागीदार बनने की अपील की है।

# तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे मार्ग के किनारे सर्विस रोड का होगा चौड़ीकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे के ब्रिज के नीचे किनारे की ओर सर्विस रोड को आवागमन की सुविधा के लिए चौड़ीकरण किया जाएगा। नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने सर्विस रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां अवैध कब्जों को देखकर उसे जल्द हटाकर रोड को चौड़ीकरण करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर अबिनाश मिश्रा शुक्रवार को निगम के अन्य अधिकारियों के साथ शहर का निरीक्षण करने निकले थे। इस दौरान उन्होंने तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे ब्रिज के नीचे सर्विस रोड का भी निरीक्षण किया। सड़क पर जगह-जगह लोगों ने झोपड़ी-ठेला-गुमटी रखकर कब्जा कर रखा है। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी अवैध कब्जों को शीघ्र हटवाएं तथा सड़क को चौड़ीकरण के लिए प्रस्ताव बनाकर कार्य शुरू कराएं, ताकि आवागमन में लोगों को सुविधा मिल सके। कमिश्नर के साथ अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, विनोद पांडेय, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, उपायुक्त स्वास्थ्य रमाकांत साहू, जोन 3 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडेय, जोन 10 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही सहित अन्य निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

## जाम से छुटकारा पाने के लिए करना होगा इंतजार

# हाईवे की सर्विस रोड पर ट्रैफिक जाम डबल लेन करने टीम बनाएगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

तेजी से बढ़ते वाहनों के कारण रिंग रोड की सर्विस रोड पर रोज ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। इससे राहत दिलाने के लिए रिंग रोड क्रमांक एक यानी टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच आने-जाने के लिए बनाई गई सर्विस रोड को डबल लेन करने की प्रक्रिया एक बार फिर तकनीकी टीम की जांच का हिस्सा बन गई है। इससे लोगों को ट्रैफिक जाम से अभी छुटकारा पाने के लिए इंतजार करना होगा।

राजधानी में तेलीबांधा रोड से प्रस्तावित फ्लाईओवर को दो साल में पूरा करने का मसौदा भी अब अंतिम दौर पर है। वहीं नवंबर में हुए केन्द्रीय परिवहन मंत्री की कॉफ्रेंस में रिंग रोड की सर्विस रोड को डबल लेन करने की मुहिम को नए सिरे से प्लानिंग और प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए एनएचआई की टेक्निकल टीम ने कहा है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि अभी नए फ्लाईओवर और सड़क चौड़ी करने के लिए प्रस्तावों पर काम शुरू करने के लिए स्वीकृति मिली है। इससे पूर्व निगम क्षेत्र में होने वाले रोड से संबंधित कार्यों के लिए जिला प्रशासन, निगम और एनएचआई सहित पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को नए सिरे से तैयारी व प्लानिंग करनी होगी।



- केन्द्रीय टेक्निकल टीम को दोबारा सर्वे करवाने के बाद देनी होगी प्रोजेक्ट की प्लानिंग

### इस रूट पर भी होती है परेशानी

रिंग क्रमांक एक और दो के साथ रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे की सर्विस रोड पर जिस-जिस पाइंट पर ट्रैफिक जाम की वजह से परेशानी होती है। ऐसे स्थानों का भी खाका सर्वे के दौरान तैयार होगा। यह प्लानिंग करने के बाद जमीन की स्थिति और सर्विस रोड के दोहरीकरण पर खर्च होने वाले बजट को लेकर भी रिपोर्ट तैयार होगी। केन्द्रीय टीम नए सिरे से की गई प्लानिंग को जांचने के बाद उसे निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा बनाएगी, यानी सर्विस रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत के आसार नहीं हैं।

### बताएंगे ट्रैफिक जाम की वजह

बताया जा रहा कि शहर के आस-पास से गुजरने वाले उन सभी रिंग रोड की सर्विस लेन पर लगने वाले ट्रैफिक जाम की वजह और स्थिति को लेकर टेक्निकल टीम फिर सर्वे करेगी। इसके बाद ही प्रोजेक्ट पर भविष्य में काम होगा या नहीं, यह केन्द्रीय टीम तय करेगी। कुल मिलाकर शहर के लोगों को रिंग रोड की सर्विस लेन से आने-जाने के लिए डबल लेन सड़क के लिए इंतजार करना होगा। अभी यह समस्या शहर के तेलीबांधा से टाटीबंध चौक के बीच और तेलीबांधा से जोरा के बीच सबसे ज्यादा देखने को मिलती है।

# टिकट होने के बावजूद यात्रा से वंचित, एयर इंडिया को चार लाख का जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शैक्षणिक टूर के लिए विदेश जाने छात्र को वंचित करने के आरोप में जिला उपभोक्ता फोरम ने एयर इंडिया कंपनी के खिलाफ चार लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। लगेज ज्यादा होने का हवाला देकर छात्र को यात्रा करने से रोका गया, साथ ही किराया भाड़ा 37 हजार रुपए वापस नहीं किया गया। इसे छात्र ने विमान कंपनी की सेवा में कमी होने की बात कह कर जिला उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया था।

- जिला उपभोक्ता फोरम ने विदेश यात्रा से वंचित करने के मामले में सुनाया फैसला
- शैक्षणिक यात्रा के लिए छात्र ने पांच वर्ष पूर्व दिल्ली, स्काटहोम, बर्लिन जाने टिकट बुक कराया था

मामले की पैरवी करने वाले वकील सुचित्रा वर्धन के मुताबिक न्यू पुरैना निवासी आदित्य श्रीवास्तव 29 अगस्त 2019 को दिल्ली से स्काटहोम, बर्लिन जाने तीन टिकट बुक कराया था। एक नवंबर को आदित्य एयरपोर्ट पहुंचा, तो उसके बैग की जांच की गई। काउंटर क्लर्क ने लगेज का वजन ज्यादा होने की बाद कह कर घर से लाए गए खाने-पीने का सामान कम कराया। इसके बाद काउंटर क्लर्क ने बैग का साइज बड़ा होने की बात कह कर अदित्य को यात्रा करने जाने से रोक दिया।

# भाजपा के 316 मंडल अध्यक्षों का चुनाव सर्वसम्मति से, बचे मंडलों का चुनाव दो दिनों में होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में भाजपा का संगठन चुनाव चल रहा है। बूथ कमेटियों के चुनाव के बाद अब मंडल अध्यक्षों के चुनाव हो रहे हैं। इसके पहले नए मंडलों का भी गठन किया गया है। प्रदेश संगठन ने राष्ट्रीय नेतृत्व से प्रदेश में मंडलों की संख्या बढ़ाने की मंजूरी मांगी थी, वहां से मंजूरी मिलने के बाद अब नए मंडल बनाए गए हैं। प्रदेश में 71 नए मंडल बने हैं, ऐसे में अब प्रदेश में भाजपा के 476 मंडल हो गए हैं। प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने बताया, तीन दिनों में 316 मंडलों में सर्वसम्मति से अध्यक्षों का चुनाव हो गया है। अब तक कहीं भी चुनाव के लिए मतदान करने की स्थिति नहीं बनी है। दो दिनों में बचे मंडलों का चुनाव हो जाएगा। इसके बाद 23 दिसंबर से जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभाओं में 24 हजार से ज्यादा बूथ हो गए हैं, लेकिन भाजपा के मंडलों की संख्या अब



तक 405 ही थी, जबकि जिलों की संख्या में भी इजाफा हो गया है। इस बार प्रदेश संगठन ने प्रदेश में संगठन चुनाव से पहले राष्ट्रीय नेतृत्व को मंडलों की संख्या में इजाफा करने का प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब मंडलों की संख्या में इजाफा किया गया है। मंडलों को बढ़ाने के लिए जो फार्मूला तय किया गया, उसमें सबसे अहम यह है कि अब एक मंडल के लिए बूथों की संख्या 45 से 50 हो गई है। पहले कई मंडलों में 80 से 100 या फिर इससे भी ज्यादा बूथ थे। जैसे राजनांदगांव के एक मंडल में सौ बूथ थे। अब उसको दो मंडलों में बांटा गया है। रायपुर शहर की चार विधानसभाओं में एक हजार से ज्यादा बूथ हैं, लेकिन यहां पर मंडल 16 थे, एक-एक मंडल में 80 से 90 बूथ थे।

# सभी जिलों से मांगी पदस्थ बीएड सहायक शिक्षकों की जानकारी

- 2 हजार 900 सहायक बीएड शिक्षकों के स्थान पर डीएलएड डिप्लोमाधारियों को देनी है नियुक्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी जिलों से उन बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों की जानकारी मांगी गई है। न्यायालय के आदेश के बाद 2 हजार 900 बीएड सहायक शिक्षकों को उनके पद से हटाया जाएगा। कौन से जिले में कितने शिक्षक पदस्थ हैं तथा वे कौन सी कक्षा में अध्यापन कार्य कर रहे हैं, इसकी जानकारी सभी जिलों से मांगी गई थी। सूत्रों के अनुसार, अधिकतर जिलों ने यह जानकारी सौंप दी है। कौन से जिले में शिक्षक के कितने पद रिक्त हैं, इसकी जानकारी अब ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज की जाती रही है। पोर्टल में दर्ज जानकारी का भी आंकलन किया जा रहा है। किस जिले में, किस कक्षा में इन्हें नियुक्ति दी जा सकती है, इस पर भी मंथन हो रहा है।

### इधर... तूता में जारी है प्रदर्शन

शासन द्वारा अंदरुनी स्तर पर बीएड अभ्यर्थियों को शिक्षा विभाग में ही एडजस्ट करने की तैयारी चल रही है, लेकिन इसे ना तो सार्वजनिक किया गया है और ना ही इससे संबंधित कोई आदेश या निर्देश जारी किए गए हैं। इस कारण बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों का प्रदर्शन निरंतर जारी है। पदयात्रा के बाद गुरुवार से माना-तूता में बैठे कैंडिडेट्स शुक्रवार को भी प्रदर्शन में बैठे रहे। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कहा कि नौकरी से निकाले जाने पर सिर्फ 2 हजार 900 सहायक शिक्षक ही नहीं, बल्कि उनका पूरा परिवार प्रभावित होगा। कर्मचारी संगठन तथा राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष कमल वर्मा और शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे सहित कई अन्य संगठन के नेताओं ने भी धरना स्थल पहुंचकर उन्हें समर्थन प्रदान किया।

# क्रिसमस-नए साल को लेकर पर्यटन विभाग के रिसॉर्ट, मोटल जनवरी के पहले सप्ताह तक बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

क्रिसमस तथा नए साल के लिए पर्यटन विभाग के ज्यादातर रिसार्ट के साथ मोटल अभी से पैक हो गए हैं। पर्यटन विभाग प्रबंधन के मुताबिक नए साल तथा क्रिसमस के लिए 15 दिन पहले से लोगों ने अपने लिए जगह बुक कराना शुरू कर दिया है। राज्य के ज्यादातर टूरिस्ट पैलेस के रिसार्ट तथा मोटल अभी से बुक हो गए हैं। सात जनवरी तक नो रूम की स्थिति है।


क्रिसमस के साथ नए साल सेलिब्रेट करने पर्यटकों की पहली पसंद चित्रकोट के साथ मैनपाट है। इन दोनों टूरिस्ट पैलेस के रिसार्ट तथा मोटल दिसंबर के पहले सप्ताह से बुक हो गए हैं। इन दोनों स्थानों में फ्रांस तथा यूरोप के विदेशी पर्यटकों ने अपने लिए जगह बुक कराई है।

### चित्रकोट से 50 लाख रुपए से ज्यादा की आमदनी

चित्रकोट की सैर करने अब तक 13 सौ से ज्यादा लोगों ने अपने लिए जगह बुक कराई है। चित्रकोट के आकर्षण के कारण पर्यटन विभाग को क्रिसमस तथा नए साल में 50 लाख रुपए से ज्यादा की आमदनी हुई है। चित्रकोट में स्थिति ऐसी है कि दूसरे राज्य के लोग किसी भी हाल में अपने लिए जगह बुक कराने के लिए तैयार हैं।

### एक महीने में एक करोड़ 30 लाख

पर्यटन विभाग को अपने टूरिस्ट पैलेस के मोटल तथा रिसोर्ट से जो आमनदनी क्रिसमस तथा नए साल में हो रही है। उसमें 40 प्रतिशत से ज्यादा आय चित्रकोट से हो रही है। दिसंबर में पर्यटन विभाग को आने वाले टूरिस्टों से एक करोड़ 30 लाख रुपए की बुकिंग हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल दिसंबर में कमाई का आंकड़ा जरूर कम हुआ है।



- पर्यटकों की पहली पसंद मैनपाट के साथ चित्रकोट

### बार नवापारा को छोड़ अन्य स्थानों में पर्यटकों का अभाव

वन विभाग के टूरिस्ट पैलेस की बात की जाए, तो बारनवापारा को छोड़ राज्य के अन्य क्षेत्र के अभयारण्य में क्रिसम तथा नए साल के लिए जगह बुक कराने वालों का टोटा है। बारनवापारा स्थित वनग्राम में क्रिसमस तथा नए साल के लिए लोगों ने अपने लिए जगह आरक्षित कराना शुरू कर दिया है। कमोबेश यही स्थिति अचानकमार टाइगर रिजर्व की है।

### मैनपाट में पड़ोसी राज्य के सैलानी

मैनपाट में जिन लोगों ने नए साल तथा क्रिसमस के लिए अपने लिए जगह बुक कराई है, उनमें ज्यादातर झारखंड तथा उत्तरप्रदेश के पर्यटक शामिल हैं। वन अफसरों के अनुसार उदंती-सीतानदी, इंद्रावती टाइगर रिजर्व की सैर करने ज्यादातर पर्यटक क्रिसमस तथा नए साल के एक दो दिन पूर्व अपने लिए जगह आरक्षित करने आवेदन करते हैं। उदंती-सीतानदी तथा इंद्रावती टाइगर रिजर्व में माओवाद के कारण नाइट स्टे की अनुमति नहीं है। इस वजह से इन दोनों जगह जाने लोगों का रुझान कम रहता है।

## पांच अलग-अलग थानों में ट्रांसपोर्टर, कारोबारी, गृहणी, निजी क्षेत्र में जॉब करने वाले के साथ ठगी

# लिंक लाइक, शेयर बाजार में मुनाफा दिलाने का झांसा देकर ढाई करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शेयर ट्रेडिंग, लिंक लाइक करने का झांसा देकर ठगी को रोकना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। राजधानी के पंडरी, उरला, कबीर नगर, राखी तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में गृहणी से लेकर कारोबारी एक्स आर्मी मैन ने ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा की ऑनलाइन ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाजों ने सभी लोगों को एक ही पैटर्न में लिंक लाइक करने के बाद शेयर करने तथा शेयर ट्रेडिंग में 30 प्रतिशत तक मुनाफा देने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है।

जिन लोगों के साथ ठगी की घटना हुई है, उनमें कारोबारी, गृहणी, निजी क्षेत्र में जॉब करने वाले के साथ पेशे से ट्रांसपोर्टर, एक्स आर्मी मैन जैसे पढ़े लिखे वर्ग के लोग हैं। जालसाजों ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के न्यू शांतिनगर निवासी कारोबारी सुशील अग्रवाल को शेयर ट्रेडिंग में 30 प्रतिशत मुनाफा मिलने का झांसा देकर दो करोड़ 42 लाख की ठगी की है।

**पूर्व फौजी को बनाया ठगी का शिकार:** राखी थाना क्षेत्र में जिस आर्मी मैन के साथ ठगी की घटना हुई थी, ठगी होने की जानकारी मिलने पर आर्मी मैन अशोक कुमार कर्ष ने अकाउंट से पौने आठ लाख ट्रांजेक्शन होने के बाद बैंक जाकर अपना नेट बैंकिंग, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन बंद करा दिया। कुछ दिनों के बाद आर्मी मैन ने अपना अकाउंट जैसे ही रीओपन कराया, जालसाजों ने आर्मी मैन के अकाउंट से पांच लाख 67 हजार रुपए पार कर दिए।

### एप्लिकेशन डाउनलोड कराकर ठगी

कबीर नगर, हर्षित विहार कालोनी निवासी पेशे से ट्रांसपोर्टर सुमित कुमार शुक्ला के साथ शेयर ट्रेडिंग करने के नाम पर जालसाजों ने 46 लाख की ठगी की है। जालसाजों ने सुमित को अपने झांसे में लेकर एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। ग्रुप में जोड़ने के बाद जालसाजों ने सुमित को एक एप्लिकेशन डाउनलोड कराया। इसके बाद उनसे शेयर ट्रेडिंग में लाभ मिलने का स्क्रीन शॉट भेजकर अपने अकाउंट में लगातार रुपए ट्रांसफर कराते गए। सुमित ने पैसे निकालने की कोशिश की, तो जालसाजों ने कमीशन देने की बात कह कर अपने अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराकर ठगी का शिकार बनाया।



### गृहिणी से टास्क पूरा करने का झांसा देकर ठगी

पंडरी, अवनि विहार निवासी गृहणी आरती पाठक के साथ जालसाजों ने दो लाख 42 हजार की ठगी की है। जालसाजों ने महिला को टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ने के बाद लिंक शेयर लाइक करने पर पैसा मिलने का झांसा देकर एक लिंक भेजा। महिला ने जैसे ही लिंक क्लिक किया, उसके अकाउंट से किस्तों में दूसरे के अकाउंट में रकम ट्रांसफर हो गई। इसी तरह बीरगांव निवासी खेमचंद पटेल जो निजी क्षेत्र में जॉब करता है, जालसाजों ने उससे 23 जुलाई से 29 अक्टूबर के बीच शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा मिलने का झांसा देकर वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर 13 लाख की ठगी की है। खेमचंद ने अपने पैसे मांगे, तो जालसाजों ने वाट्सएप ग्रुप ही बंद कर दिया।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुलिस परेड ग्राउंड पर 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर गौरव सिंह ने शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को उत्कृष्ठ अधिकारी-कर्मचारियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस में पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में ध्वजारोहण, मंच, पंडाल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था संबंधी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि समारोह स्थल पर परेड कार्यक्रम, भाग लेने वाली टुकड़ियों का निर्धारण एवं रिहर्सल, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, अन्य



सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों तथा उत्कृष्ठ झांकी को पुरस्कार वितरण के साथ ही कार्यक्रम के उद्घोषक का निर्धारण किया जाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार पार्किंग एवं ट्रैफिक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर विभागों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली झांकियों के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति के भी निर्देश दिए। पुलिस परेड ग्राउंड पर साफ-सफाई, रंगाई के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारियों का नगर आगमन कल

**सरायपाली।** यादव समाज के रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में दर्ज नहीं होने से हजारों युवा शासकीय योजनाओं एवं रोजगारों से वंचित हो रहे हैं। इसके लिए अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में स्थान देने के लिए हंसराज अहीर अध्यक्ष केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग नई दिल्ली, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक को ज्ञापन एवं आवेदन दिया गया था। इसी तारतम्य में पिछड़ा वर्ग आयोग रायपुर के अधिकारियों का आगमन सरायपाली नगर के सर्किट हाउस में 23 दिसंबर को समय सुबह 9:30 बजे होगा। आयोग के अधिकारियों द्वारा रावत जाति का क्षेत्रीय अध्ययन एवं समाज प्रमुखों से चर्चा की जाएगी। सरायपाली, बसना एवं फुलझर अंचल के रावत जाति से संबंधित समस्याग्रस्त सामाजिक सदस्यों को जाति से संबंधित दस्तावेज के साथ न्यू सर्किट हाउस, केंजुआ रोड़, सरायपाली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की गई है। यह जानकारी अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष विनोद यादव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव, पवन कुमार यादव ने दी है।

## शिविर में 18 लोगों ने किया रक्तदान

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निःशुल्क ब्लड डोनेशन शिविर का आयोजन स्वर्गीय मोहन लाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में रखा गया था। जहां पर 18 व्यक्तियों ने रक्त दान किया। जिसे खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीएके कोसरिया द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। यह जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे ने दी है।

## दो माह बाद हत्या का अपराध दर्ज, आरोपी अज्ञात

**रायपुर।** डीडीनगर थाने की पुलिस ने महिला के मौत मामले में दो माह बाद हत्या का अपराध दर्ज किया है। रायपुरा स्थित एक कबाड़ी दुकान के पास एक घर में 26 अक्टूबर सुखवंतीन ढीमर की लाश मिली थी। घटनास्थल के पास एक डंडा तथा झाड़ियों में टूटी हुई चूड़ियां मिली थीं।

वार्डों के आरक्षण के बाद हरिभूमि ने कई दिग्गज पार्षदों से की बात, जानी उनके मन की बात

# कोई दूसरे वार्ड से लड़ेगा, कोई युवा को मौका देने के पक्ष में, तो बहुतों को पार्टी के निर्देश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर के वार्डों का आरक्षण होने के बाद महापौर एजाज ढेबर, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे सहित कई दिग्गज पार्षदों के वार्ड अलग-अलग वर्ग के लिए आरक्षित हो गए हैं, जिसके कारण कई पार्षदों को पार्टी से टिकट मिलेगी या नहीं, यह चिंता सताने लगी है। वहीं दूसरी ओर कई पार्षद पार्टी के निर्देश का इंतजार कर रहे हैं।

इधर महापौर ढेबर का कहना है कि 5 साल तक मेयर का काम संभाला है और शहर के लिए बहुत कार्य कराए हैं, अब पार्षद चुनाव लड़ने की इच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि मेयर सीट के लिए अभी आरक्षण होना है। इसके बाद भी अगर सीट सामान्य रही, तो उम्मीदवार भी पार्टी तय करेगी।

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का कहना है कि उनका वार्ड ओबीसी महिला के लिए आरक्षित हो गया है, लेकिन भक्तमाता कर्मा वार्ड सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। इस वार्ड की वह पहले भी पार्षद रह चुकी हैं, इसलिए अब वह यहां से चुनाव लड़ेंगी। उनका यह भी कहना है कि अगर मेयर का पद सामान्य या आरक्षित महिला हुआ, तो इस पद के लिए भी वह प्रयास



### पार्षद चुनाव नहीं लडूंगा, आगे पार्टी का जो निर्देश- विनोद

कन्हैया लाल बाजारी वार्ड-15 के भाजपा पार्षद विनोद अग्रवाल का कहना है कि आरक्षण के बाद उनका वार्ड ओबीसी हो गया है। उन्होंने कहा कि मेरे वार्ड के आसपास के वार्ड भी ओबीसी हो गए हैं, इसलिए चाहकर भी वे चुनाव लड़ नहीं सकता। उन्होंने कहा कि किसी दूसरे वार्ड से पार्षद का चुनाव तभी लड़ना चाहिए, जब वहां की जनता आपको भली-भांति जानती और पहचानती हो। इसीलिए इस बार पार्षद चुनाव के लिए टिकट की मांग भी नहीं करेंगे। पार्टी का आगे जो भी निर्देश रहेगा, उसका पालन करूंगा।

### कई नए चेहरों को मिलेगा मौका

आरक्षण के बाद कई वार्डों में राजनीतिक पाटियों को समीकरण बदलना पड़ सकता है। इसके तहत अब भाजपा और कांग्रेस से भी कई नये चेहरों को चुनाव में मौका मिल सकता है। आरक्षण के साथ कई वार्डों में अभी से दोनों पार्टी के कई नेता अभी से अपनी दावेदारी करने लगे हैं। कई पार्षद तो अपने रिश्तेदारों को चुनाव में उतारने की प्लानिंग कर रहे हैं। हालांकि इस बार आरक्षण के बाद जिस तरह से वार्डों में सामान्य, ओबीसी, एससी, एसटी एवं महिला वर्ग की सीटें आरक्षित हुई हैं, उससे देखकर ऐसा ही लग रहा है कि चुनाव में इस बार दोनों पार्टी से कई नये चेहरों को मौका मिलेगा। यह मौका बसपा सहित अन्य राजनीतिक दलों से भी दिए जा सकते हैं।

### एक उम्र के बाद युवा वर्ग को मौका देना चाहिए, इसलिए पार्षद चुनाव नहीं लड़ूंगा- ज्ञानेश

पार्षद हो या विधायक, 50 से 55 वर्ष की उम्र के पड़ाव में आने के बाद चुनाव से संन्यास ले लेना चाहिए। यह कहना है ठाकुर प्यारेलाल वार्ड से लगातार 3 बार कांग्रेस के पार्षद व एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा का। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष पूर्व महापौर बनने की इच्छा थी, जिसके लिए पार्षद चुनाव लड़ना पड़ा था, लेकिन अब पार्षद का चुनाव लड़ने की इच्छा नहीं है। मेरा वार्ड जरूर महिला सामान्य हो गया है, पर चाहूं तो दूसरे वार्ड से चुनाव लड़ सकता हूं, लेकिन मैं सकारात्मक सोच रखता हूं, इसलिए पार्षद चुनाव लड़ना नहीं चाहता। वैसे भी 50 से 55 उम्र के पड़ाव में आने के बाद पार्षद को चुनाव लड़ना छोड़ देना चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी को भी आगे बढ़ने का मौका मिल सके।

### दूसरे वार्ड से चुनाव लड़ेंगे नागभूषण

बंजारी माता वार्ड-5 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य नागभूषण राव का कहना है कि आरक्षण के बाद उनका वार्ड भी महिला वर्ग के लिए अनारक्षित हो गया है। इसके कारण अब वे अपने वार्ड से लगे यतियतन लाल वार्ड-4 जो सामान्य हो गया है, से चुनाव लड़ेंगे। उनका मानना है कि वह अपनी पत्नी को अपने वार्ड से चुनाव लड़ा सकते हैं, लेकिन पार्षद प्रतिनिधि के नाते उन्हें ही काम करना होगा। जनता अब सीधे पार्षद से मिलना चाहती है, उसके प्रतिनिधि से नहीं, इसलिए उन्होंने स्वयं चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

# छात्रों ने जाना मॉक ड्रिल का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में शाला प्रमुख मनहरण लाल वर्मा एवं शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को मॉक ड्रिल कैसे करें, मॉक ड्रिल क्या है, मॉक ड्रिल कितने प्रकार के होते हैं के बारे में बताया। उन्होंने कहा मॉक ड्रिल एक प्रक्रिया है जो किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपदा से जुड़ी हुई तैयारी एवं प्रतिक्रिया के लिए सुनिश्चित और मजबूत करता है। मॉक ड्रिल दो प्रकार से किया जा सकता है , दोषित मॉक ड्रिल, अघोषित मॉकड्रिल। घोषित मॉकड्रिल–प्रतिभागियों को निकासी प्रक्रिया से अवगत करवाना। भाग लेने वाले बच्चों एवं शिक्षकों को प्रतिक्रिया का परीक्षण एवं प्रशिक्षण करवाना है। सुरक्षित स्थान का पता लगाने की लोगों की क्षमता में वृद्धि करना, अघोषित मॉकड्रिल को करने के लिए निरंतर घोषित मॉकड्रिल करने की आवश्यकता है। अप्रत्याशित खतरनाक स्थिति पर प्रतिक्रिया करने की लोगों की क्षमता का परीक्षण करना। एक निश्चित स्तर की प्रवीणता प्राप्त करने के बाद स्कूलों को अघोषित मॉकड्रिल करना चाहिए। प्रतिभागियों को आपातकालीन निकासी मार्ग से अवगत कराना। आपात स्थिति में कर्मचारियों, शिक्षकों और बच्चों को उनकी भूमिकाओं से अवगत करवाना। आपात स्थिति में स्कूल से बाहर आने के समय की जांच करना। ड्रॉप, कवर, होल्ड ऑन का अभ्यास ठीक से किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में शाला के शिक्षक हेमकुमारी साहू उपस्थित थे।



## नवापारा स्कूल में साइकिल व गणवेश का वितरण हुआ

सिमगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में साइकिल वितरण और मिडिल स्कूल में गणवेश वितरण का कार्यक्रम हुआ। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमीं के 54 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण की गई। साइकिल पाकर बच्चों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस दौरान मिडिल स्कूल के बच्चों को शाला गणवेश का भी वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित शाला विकास समिति के पदाधिकारियों, पालकों व शिक्षक–शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर आशीर्वाद प्रदान किया। इस बीच प्राचार्य गणेशराम घीतकर ने कहा कि लड़के पढ़ाई करते हैं तो वह स्वयं शिक्षित होता हैं। लेकिन लड़कियां पढ़ाई करती हैं तो पूरा परिवार और समाज शिक्षित होता है। इस बीच उपस्थित सरपंच भुनेश्वर वर्मा, पूर्व सरपंच दौलत पाल सहित शाला विकास समिति के पदाधिकारी और पालक और समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।



# चंद्रमणि तिवारी बने भाजपा मडंल के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

भारतीय जनता पार्टी सिमगा मंडल की आवश्यक बैठक में मंडल अध्यक्ष के लिए सर्वसम्मति से चंद्रमणि तिवारी को चुना गया। इस मौके पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे यहां कोई भी पदाधिकारी का चुनाव बिना कोई विरोध के संपन्न होता है। हम सब मिलकर सर्वसम्मति से चुनाव की प्रक्रिया को संपन्न करते हैं। पिछले 9 वर्ष से वर्तमान मंडल अध्यक्ष केजू राम बघेल ने इमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक पार्टी के सभी कार्य को संपन्न करते थे। आज इस दायित्व को नए मंडल अध्यक्ष को सौंपा जा रहा है। मैं विश्वास व्यक्त करता हूं कि नए मंडल अध्यक्ष अपने इस दायित्व को बखूबी निभाएंगे और सिमगा मंडल को बलौदाबाजार जिले में शिखर पर ले जाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में राकेश तिवारी ने कहा हमारे यहां सब बैठक कर एक नाम तय करते हैं और सभी कार्यकर्ता उसमें अपनी सहमति प्रदान करते हैं। हमारे कार्यकर्ताओं में किसी प्रकार का मतभेद नहीं रहता। कार्यक्रम का संचालन अनिल पांडे ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष केजूराम बघेल, आनंद यादव, धीरज जैन, अभिजीत अवस्थी, छोटू यादव, सचिन जैन, हेम सिंह चौहान, रमेश सोनी, नारायण साहू, खोमचंद वर्मा, अटल त्रिवेदी, बल्लू मिश्रा, रोहित साहू, बिसाहू साहू, बंशी यदु, खोमचंद वर्मा, अटल त्रिवेदी, पारस साहू, राजेश सिंह, पारस पाटकर, दशरथ निषाद, राजेश साहू, गुबेश वर्मा, शरण साहू, प्रकाश यादव, नकुल रजक, राजेश जैन, प्रहलाद मिश्रा, शिवकुमार निषाद, राजूराम निषाद, प्रेमनाथ देवांगन, भागवत यादव, ठाकुर साहू, संतोष साहू, आत्माराम, रामपाल एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# रोहांसी मंडल के अध्यक्ष बने विजय कोसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

पार्टी संगठन के निर्देश पर चुनाव अधिकारी कृष्णा अवस्थी, इंद्रदेव वर्मा व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विजय कुमार कोसले भाजपा रोहांसी मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए गए। निवृत्तमान मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने अपने किए कार्यकाल में सहयोग के लिए सभी कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि संगठन में एक पद पर कार्यकर्ता स्थाई रूप से पदस्थ नहीं होता है। परिवर्तन होता रहता है, नवीन मंडल अध्यक्ष विजय कुमार कोसले की नियुक्ति हुए उन्हें बधाई एवं निवृतमान मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू उन्हें भी पार्टी के कार्यों से लगातार जुड़कर भाजपा को जनजन तक पहुंचाने का कार्य हम सबको करना है और सभी को मिलकर पार्टी को आगे बढ़ाना है। निरंतर कार्य करना है। इसी बीच नवीन भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि मुझे भाजपा संगठन द्वारा नवीन जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद मुझे खुशी है कि मैं इस जिम्मेदारी को आप सभी कार्यकर्ताओं के साथ अच्छे से निभाऊ ।

इस अवसर पर अजय राव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, दुर्गा महेश्वर अजा मोर्चा प्रदेश, उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा जिला उपाध्यक्ष, शम्भू सिंह डहरिया पूर्व जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा, नरोत्तम बघेल अजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, नंद वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, मनोहर चंद्राकर, राम खेलावन वर्मा, उमेश यदु, ओंकार वर्मा, मुकेश कुमार, दौलत यादव, राहुल बघेल, दुखू राम निषाद, तुलाराम, प्यारेलाल कोसले, प्रभा कोसले, खिलेश्वर घृतलहरे, कृतराम, मुखी साहू, मदन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## केवी में बैगलेस डे का समापन

**महासमुंद।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में कक्षा छटवी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए 5 दिवसीय बैगलेस डे के द्वितीय चरण के अंतिम दौर के चौथे दिन जीके निर्मलकर एवं रवीना मीणा द्वारा इलेक्ट्रिकल्स गैजेट का सुरक्षित उपयोग तथा दैनिक जीवन में उपयोगी बिजली के कार्यों को सुरक्षित ढंग से करने की जानकारी दी गई। प्राचार्य संजय कंसल के मार्गदर्शन में बच्चों ने स्वयं वायर को जोड़ना, होल्डर और स्विच बोर्ड कनेक्शन करना, फ्यूज़ वायर को रिप्लेस करना, मल्टीमीटर के द्वारा करंट और वोल्टेज को नापना आदि कई गतिविधियों में हिस्सा लिया। बैगलेस डे के अंतिम दिन जीके निर्मलकर एवं रवीना मीणा द्वारा बच्चों को स्क्रैप मेटल से आर्टिफैक्ट बनाना सिखाया गया। जिसमे उल्लू, मानव मस्तिष्क एवं सारस का मॉडल बनाया गया। जिससे बच्चों की रचनात्मक निखर कर आई। इसमे बच्चों ने पूर्व व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर आनंद उठाया।

# गोपालदास प्रशस्ति पत्र से सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर का पेंशनर्स दिवस वृन्दावन हॉल रायपुर में मनाया गया। इसमें गोपालदास पड़वार अध्यक्ष पेंशनर्स समाज खरोरा को प्रदेश में पेंशनर्स संगठन के क्षेत्र में किये गये उनके उत्कृष्ट कार्य, निःस्वार्थ सेवा, समर्पण एवं निष्ठा के लिए वर्ष 2024 का उत्कृष्ट इकाई सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर तहसील शाखा खरोरा के संरक्षक सीताराम यादव, संयोजक खोरबाहरा राम वर्मा, कोषाध्यक्ष तुलसीराम वर्मा, उपाध्यक्ष नंदकुमार भास्कर, सचिव हरिशचन्द्र देवांगन, सलाहकार भूपेन्द्र कुमार नायक, प्रवक्ता रामनारायण साहू, महामंत्री अम्बिका प्रसाद वर्मा, अध्यक्ष राजिम तहसील बैसाखूराम साहू, अध्यक्ष धरसींवा तहसील ब्यासनारायण हिरवानी एवं रमाकांत कैवर्त्य से.नि. नायब तहसीलदार अभनपुर ने प्रांताध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## सुशासन परब पर हुआ विभिन्न आयोजन...




**खरोरा।** बिहान स्व-सहायता समूह भरुवाडीह कला द्वारा सुशासन के एक साल पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में रैली, बैनर पोस्टर आदि द्वारा शासन द्वारा चलायी जा रही महतारी वंदन योजना जैसी विभिन्न योजनाओं एवं चित्रकला, रंगोली के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया।

# खल्लारी विस क्षेत्र में 101 युवाओं का भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा के ग्राम सुखरीडबरी में आयोजित कार्यक्रम में 101 युवाओं ने नरेंद्र मोदी के नीति व कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी, अलका चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, पिलेश्वर पटेल संजय मालवे, नरेंद्र बग्गा, छेदू चक्रधारी, मानसिंह डेमन पनोरिया, लोकेश पनुरिया, यशवंत साहू आदि उपस्थित रहे। युवाओं का भाजपा गमछा फूल माला तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रवेश करने वालों में प्रमुख रूप से भोजराज चौहान, खेमराज ठाकुर, अजय चक्रधारी, यश बघे, फालिस चक्रधारी, कृष्णा चक्रधारी, खेमलाल चक्रधारी, टिकेश्वर सेन, हरकिशन साहू आदि




# कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर मोतीलाल वोरा को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मध्यप्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा विभाग का दायित्व फिर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में दो बार कार्य करने का अनुभव राज्यसभा सदस्य लोकसभा सदस्य एवं उत्तर प्रदेश के राज्यपाल तथा केंद्र सरकार के कैबिनेट मंत्री का दायित्व संभालते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के पद को सुशोभित करने वाले स्व. मोतीलाल वोरा की पुण्यतिथि पर महासमुंद कांग्रेस भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वोरा 1968 से दुर्ग में पार्षद के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा आरंभ की। 1972 में कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने। 1977 व 1980 में भी विधायक रहे। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री नियुक्त किए गए। तत्पश्चात 1983 में कैबिनेट मंत्री बने। 13 मार्च 1985 को वोरा मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करना आरंभ किया। पश्चात केंद्र सरकार में शामिल हो गए। 1993 में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल बनाए गए। 1998–99 लोकसभा में सांसद बनकर संसद भवन पहुंचे। बहुमुखी प्रतिभा की धनी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की रीढ़ की हड्डी थे, उनके बिना दिल्ली कांग्रेस कमेटी अधूरा था। पुण्यतिथि पर सभी कांग्रेसजनों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजली दी गई।

**पेज 11 के शेष**

### बहू ने दूध ...

मौत हो गई। मृत्यु पूर्व दिये गये मरणासन्न कथन में मृतक प्रेमलाल साहू ने और मृतक के परिजनों ने अपने अपने कथन में बहू मीना साहू द्वारा दूध में जहर मिलाकर देना बताया। संपूर्ण जांच पश्चात थाना बिलाईगढ़ में आरोपी मीना कुमारी साहू पति गौरी शंकर साहू 40 वर्ष साकिन सोनाडुला के खिलाफ धारा 103 (1)बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने ससुर प्रेमलाल को दूध में जहर मिलाकर देना स्वीकार किया। जहां विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### सुशासन सप्ताह ...

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा जिले के किसानों से अपील की गई कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लें एवं कृषि एवं समवर्गीय विभागों के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर जीवन स्तर में सुधार करें।

### छात्रों ने ध्यान...

भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शक्ति को भी सशक्त बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की और इसके द्वारा जीवन में आने वाले सकारात्मक परिवर्तन को साझा किया। ध्यान का अभ्यास करने के दौरान छात्रों ने गहरी एकाग्रता महसूस की और शारीरिक और मानसिक स्थिति में परिवर्तन अनुभव किया। इस दौरान, छात्रों और शिक्षकों ने चुपचाप बैठे हुए अपने श्वास पर ध्यान केंद्रित किया और मानसिक शांति का अनुभव किया। कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिक बुद्धालाल नायक, निरंजन वर्मा, सुरेन्द्र सिंह, गेंदू साहू आदि उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### घासीदास जयंती समारोह में शरीक हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम कांपा में गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार ने कहा कि बाबा ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। सभी का खून लाल रंग है। मानव-मानव में कोई फर्क नहीं है। बाबा ने समाज को नई दिशा प्रदान करने में अतुलनीय योगदान दिया है। इस दौरान राहुल, दौलत, मनीष, नमन, नारायण, पूनम, सुरेश, महेश, अधिक संख्या में समाज के लोगों उपस्थित रहे।

### तुमगांव में निर्माण कार्यों का किया गया भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के धार्मिक स्थल सहाड़ा देवता के पास रंगमच तथा भाठापारा शनिदेव मंदिर के पास रंगमंच निर्माण कार्य भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव, गंगा प्रसाद निषाद, पार्षद अन्नपूर्णा राजेंद्र निर्मलकर, द्रोणचार्य साहू, उत्तम निर्मलकर, भुनेश्वर साहू, दाऊलाल यादव, डोमार पटेल आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण युवाओं ने किया पौधरोपण

**महासमुंद।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नेहरू युवा केंद्र तथा ग्राम लभराखुर्द, मोंगरा, खैरा, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लभराखुर्द, एक्सेल एकेडमी बीटीआई रोड के संयुक्त तत्वावधान के अंतर्गत 20 दिसंबर 2024 को जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी के निर्देशानुसार वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। प्रत्येक युवा व ग्रामीणों ने पौधे लगाए। युवाओं ने रंगोली बनाकर एक पेड़ मां के नाम का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में रेवती कन्नौजे, त्रिवेणी साहू, उश्वरी पटेल, रितु चंद्राकर, देवकी साहू, नेहरू युवा केंद्र से अशोक कुमार, राकेश कन्नौजे उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश की 17 वर्ष बालक-बालिका टीम ने लिया था हिस्सा

# छग की नेटबॉल बालक-बालिका दोनों टीम ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 के अंतर्गत विगत दिनों लुधियाना पंजाब में 11 से 17 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की 17 वर्ष बालक बालिका दोनों टीम ने सिल्वर मेडल जीता। मुख्य कोच शरद पंसारी ने बताया की छत्तीसगढ़ की 17 वर्ष बालक एवं बालिका की दोनों टीमों ने अपने पुल के लीग मैच में सभी को हराकर सीधे प्रीक्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। 17 वर्ष बालक टीम ने प्री क्वॉर्टर फाइनल में पांडिचेरी को 30-22 से तथा क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक को 27-25 से सेमी फायनल में विद्या भारती को 24-22 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। फायनल मैच में 26-32 से हार गई और उपविजेता होकर सिल्वर मेडल जीता। 17 वर्ष बालिका टीम ने प्रीक्वार्टर फाइनल में झारखंड को 30-7 से क्वार्टर फाइनल में दिल्ली से 18- 16 सेमी फायनल में हरियाणा को 18-12 से हराकर फायनल में पहुंची। फायनल मैच में पंजाब से 17-28 से परास्त होकर उपविजेता रहते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया।



**इनका प्रदर्शन रहा उत्कृष्ट**

इस तरह से छत्तीसगढ़ की टीम ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनों टीम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ टीम में अंचल के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। बालक टीम में कोच शरद पंसारी, बालिका टीम में कोच और मेनेजर चित्ररेखा साहू थीं। बालक टीम डोमेंद्र सेन, राहुल धीवर, चंद्र कुमार सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेगा, निखिल साहू मयूर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा, गीतेश सेंट मेरी स्कूल भाटापारा, बालिका टीम में कीर्ति साहू, योगिता साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेगा, निधि साहू गुरुकुल स्कूल भाटापारा, डिम्पल देवांगन, मुस्कान दिवाकर सेंट मेरी स्कूल भाटापारा टीम में शामिल थे। खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।

खिलाड़ियों की इस सफलता पर छत्तीसगढ़ टीम के दल प्रबंधक तनवीर अकिल, सहायक संचालक कीड़ा अनिल मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, विकासखंड शिक्षा रामजी पाल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर देवांगन, प्रभारी सहायक क्रीड़ा अधिकारी आलोक गुप्ता, विकासखंड स्रोत समन्वयक दुर्गेश शर्मा, प्राचार्य सुधांशु मिश्रा, फादर सीरियक, बाबू मैथ्यू, नंदलाल बाजपेई, प्रीति तम्हाने, केशव देवांगन, राजकुमार मल, विनोद शर्मा, अविचल पाण्डेय, परिचय मिश्रा, परस देवांगन सुनील यदु, निर्मल जांगड़े, सुमन साहा, संप्रति छाबड़ा, ओमकुमार कुर्रे, मनोज साहू, फिरोज टंडन, सोनचंद ध्रुव, महेश्वरी पंसारी, स्वाति, नेहा पटेल, दिकेश्वरी आदि ने शुभकामनाएं और बधाई दी।

# न्योता भोज में बच्चों ने खाया पापड़, बड़ा और केला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुंडा

शासकीय प्राथमिक शाला पैजनी के अंशकालिक सफाई कर्मचारी मनोज वर्मा ने अपने जन्मदिवस पर शुक्रवार को न्योता भोज दिया। उन्होंने शाला के बच्चों को मध्यान्ह भोजन में केला, पापड़, बड़ा, सलाद आदि का वितरण किया।

उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही न्योता भोज कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में सरपंच हलधर वर्मा, प्राचार्य ज्ञानेंद्र बघेल, समारू दास बांधे, प्रधानपाठक शत्रुहन प्रसाद यादव, शासकीय प्राथमिक शाला कसियारा के प्रधानपाठक भागवत प्रसाद चंद्राकर, प्राथमिक शाला बरदा के प्रधानपाठक मन्नूलाल ध्रुव, शाला के प्रधानपाठक चूड़ामणि वर्मा, संतोष कुमार पैकरा एवं शाला के समस्त शिक्षकों ने मिलकर उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी। साथ ही शाला परिवार की ओर से शर्ट-पेंट, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पालकों में जीवन टंडन, शिक्षकों में लोमश कुमार कोसरे, विनोद कुमार पटेल, अरूण कुमार रात्रे, नरेंद्र कुमार साहू, नवीन कुमार साहू, भीखम सिंह ठाकुर, त्रिलोचन सिंह ध्रुव, दिनेश कुमार पैकरा, मुकेश कुमार बंजारे, सुनीता ध्रुव, ज्यामिति यदु, ममता राठौर, हिमांशु कश्यप, हुलसी वर्मा, गीतांजलि पटेल, लक्ष्मीनारायण वर्मा व रसोइया उपस्थित थे।

# गुरु घासीदास जयंती पर मुरा में मेला 28 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बंगोली

ग्राम मूरा में गुरुघासीदास जयंती पर 28 दिसम्बर को मेला का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग विधानसभा व उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्रधिकरण, विशिष्ट अतिथि अनिता योगेंद्र शर्मा पूर्व विधायक धरसींवा, सुमन देवव्रत नायक अध्यक्ष ज.प तिल्दा, श्याम नारंग जिलाध्यक्ष भाजपा रायपुर ग्रामीण, प्रगतिशील सतनामी समाज सदस्य, ठाकुर राम वर्मा राजप्रधान, नवीन अग्रवाल पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रायपुर, अध्यक्षता कंचन टोकेन्द्र गायकवाड़, शिव शंकर वर्मा, सभापति जनपद पंचायत तिल्दा, नूतन सुजीत कोशले पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मुरा, पुष्पा भगवती साहू उपसरपंच शामिल होंगे। इस अवसर पर शाम 4 बजे पंथी नृत्य एवं रात्रि में सांस्कृतिक लोक कला मंच मोर मया ग्राम विद्याडीह बिलासपुर लोक गायक सनम टण्डन का कार्यक्रम भी रखा गया है।

# रासेयो के छात्रों को सरपंच ने प्रशंसा पत्र भेंट कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हथबंद

- हायर सेकंडरी के छात्रों ने नयापारा पंचायत में लगाया था सात दिवसीय आवासीय शिविर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ग्राम पंचायत नयापारा में आयोजित सात दि व सी य आ वा सी य शिविर का समापन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत नयापारा के सरपंच ने सात दिवस तक किए गए सेवा कार्य की प्रशंसा कर पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रातःकालीन योग ध्यान प्राणायाम के अभ्यास से बीमारी से दूर रहकर ठंड से बचने का उपाय बताए।बौद्धिक परिचर्चा में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा केडी एस ठाकुर ने महंगाई से बचने के लिए अपने घरों में नींबू, कटहल, मूंनगा का पेड़ लगाने की अपील की। सुहेला टीआई लाखेश केवट, व्याख्याता महेश शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुहेला हेमंत बघमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष हथबंद डा. दौलत पाल, सरपंच भुनेश्वर वर्मा, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मुबारक हुसैन ने भी बौद्धिक परिचर्चा ने भाग लिया। स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिदिन प्रभात फेरी, नशा मुक्ति मतदाता जागरूकता, स्वच्छता अभियान के लिए रैली निकली गई। स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय संस्कृति के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। नयापारा के सरपंच भुनेश्वर वर्मा ने आने वाले वर्ष में पुनः शिविर लगने का आव्हान किया।



### प्रधानपाठक बने शिक्षक संदीप कुमार, दी गई विदाई

**अर्जुंदा।** शासकीय प्राथमिक शाला से पूर्व माध्यमिक शाला खुरसुनी में प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नत शिक्षक संदीप कुमार गांगुली का विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मेगा बैठक का आयोजन किया गया। संदीप कुमार गांगुली प्राथमिक शाला खुरसुनी में 10वर्ष की सेवा दी। उनका प्रमोशन शासकीय प्राथमिक शाला मनकी (साल्हे) विकासखंड डौडी लोहारा में प्रधानपाठक के पद पर हुआ है। कार्यक्रम में हुबलाल बोरकर, पालेश्वर साहू, शासकीय उच्चतर माध्य विद्यालय, पूर्व माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला खुरसुनी के शिक्षक एवं संकुल समन्वयक खुरसुनी कमल नारायण टंडन, खिलेश्वर साहू, शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला खुरसुनी के अध्यक्ष चुरामन साहू, उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा, शिक्षाविद व समस्त सदस्य उपस्थित थे।

# शराब एवं नशाखोरी के खिलाफ मुरारी मिश्रा ने शुरू की पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

शराब एवं नशाखोरी के खिलाफ लगातार 15 वर्षों से पद यात्रा के माध्यम से जन जागरण अभियान चला रहे रायपुर जिला पंचायत के पूर्व सभापति एवं किसान जवान कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मुरारी मिश्रा द्वारा 15वें वर्ष में पदयात्रा की शुरूवात शुक्रवार को ग्राम गोढ़ी एस सिंगारपुर मावली से की गई। पद यात्रा के दौरान मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी शामिल थे। गोढ़ी एस से प्रारंभ यात्रा सर्व प्रथम लमती पहुंची।

इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ शराब एवं नशा के खिलाफ चर्चा परिचर्चा तथा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शराब और नशा के दुष्प्रभाव से गांव–गांव में दुर्दशा का आलम है। शराब व नशा से महिलाएं एवं लड़कियों का गांव में जीवन दुर्भर है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम गोढ़ी में खुले आम कोचियों द्वारा अवैध शराब की विक्रय की जाती है। ग्रामीणों का यह भी कहना था कि पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग की मिली भगत से ही ऐसा संभव हो सकता है। पद यात्रा में लोमेश निषाद, सुख देव ध्रुव, फेरु निषाद, रामकिशन ध्रुव, पति राम ध्रुव, सरस्वती चक्रधारी, रामकुंवर चक्रधारी, बुधरा ध्रुव, कांति चक्रधारी, ललित कुमार निषाद, ईश्वरी निषाद, मीना निषाद, बृहस्पति निषाद, बूगाला निषाद, कुमारी निषाद प्रमुख रूप से शामिल थे।





आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बलौदाबाजार भाटापारा जिले में सर्वे कार्य हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468
बाहर के अभ्यार्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय
भाटापारा रोड बस स्टैंड, बलौदाबाजार




पुण्यतिथि
नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



जन्म 30.09.1954
निर्वाण 22.12.2011
हमारे पूज्य पिताजी
स्व. श्री तिलेश्वर प्रसाद कश्यप
ग्राम-सर्वा, तहसील कसडोल, जिला बलौदा बाजार-भाटापारा
पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन...
भाव भीनी श्रद्धांजलि...
श्रद्धावनत
श्रीमती दीपशिखा-चंद्रकांत कश्यप (बहु-बेटा)
अदिति-अपूर्व गंगवार (पुत्री-दामाद)
अंकिता कश्यप (पुत्री), अन्नया कश्यप (पौत्री)
फर्म : विजय लक्ष्मी राईस मिल
अकलतरा, जिला :जांजगीर-चांपा, मो. 9425230341